(iv) prompt and pragmatic examination impact of hydel development on environment;

(v) developing appropriate organisational structure to manage large hydel projects located in small states and remote areas;

(vi) development of micro hydel power stations in hilly areas and pursuing the possibility of developing low-head hydel resources along canals.

The Report of the Working Group was submitted recently and its recommendations are yet to be considered by the Government. However, the need for according high priority to hydel development is well recognised by the Government.

बिहार में बक्तियारपुर के समीप गंगा के किनारे ताप बिजली घर की स्थापना

66. श्री विजय कुमार यादव : क्या ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का बिजली का उत्पादन बढ़ाने के लिए और बिहार में नालन्दा तथा इसके आस-पास के क्षत्र में बिजली की भारी कमी की स्थिति में सुधार के लिए बक्तियारपुर के समीप गंगा के किनारे ताप बिजली घर स्थापित करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो इसमें कितना समय लगेगा और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी): (क) बक्तियारपुर के समीप गंगा के किनारे ताप विद्युत् केन्द्र की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव बिहार से प्राप्त नहीं हुआ है ।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

बिहार के नालन्दा जिले में सिंचाई योजनाओं की कमी

67. श्री विजय कुमार यादव : क्या ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार के नालन्दा जिले और समीपवर्ती क्षेत्रों में स्थाई सिंचाई योजनाओं की काफी कमी है जिसके कारण इन क्षेत्रों में सूखे की स्थिति उत्पन्न होना आम बात हो गई है ; और

(ख) क्या इन क्षेत्रों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार पटना जिले के बक्तियारपुर के निकट गंगा नदी से एक नहर का निर्माण कराने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं

ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

बिहार में उपभोक्ताओं को उचित दर पर कोयले का वितरण

68. श्री विजय कुमार यादव : क्या ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार राज्य में उपभोक्ताओं को कोयला 16 से 18 रु० प्रति मन की दर पर बेचा जा रहा है जिसके फलस्वरूप उपभोक्ताओं को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है; और

(ख) क्या सरकार का उपभोक्ताओं को उचित दर पर कोयले की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाने का विचार है; और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी) : (क) कोल इंडिया लि० को उपलब्ध सूचना के अनुसार पटना में साफ्ट कोक का फुटकर मूल्य 14 रुपये प्रति मन के पास बताया गया है । कमी की रिपोर्टें मिली हैं किन्तु अधिकांश स्थानों पर कमी परिवहन की समस्याओं के कारण हैं ।

(ख) बिहार को सड़क तथा रेल दोनों के द्वारा साफ्ट कोक अधिक मात्रा में भेजने के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया गया है । राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि वह अपनी वितरण प्रणाली को अधिक सरल और कारगर बनाए। इससे राज्य में सप्लाई की स्थिति में सुधार होने की आशा है ।